# NEWSLETTER

GOLD : 54325
SILVER : 67655
CRUD OIL : 6236

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

17/12/2022

## स्थिति गंभीर, सुधार नहीं हुआ तो खत्म हो जाएगा कपास कारोबार

**पंजाब के भटिंडा जिले के रालामंडी गांव के जिनर अरविंदर कुमार ने एसआईएस से बातचीत में जाहिर की चिंता**

कपास का कारोबार करते हुए हमें ***3*** दशक से ज्यादा समय बीत चुका है। लेकिन ऐसी गंभीर स्थिति कभी नहीं देखी जो अब है। हमारे स्टेशन पर सबसे बड़ी समस्या कपास की पैदावार कम होना है। सीड इतना कमजोर हो चुका है कि फसल साल-दर-साल कम हो रही है। पिछले साल फसल ***1*** क्विंटल थी तो ***40*** हजार गांठ का प्रोडक्शन था इस बार नरमा केवल ***60*** हजार के लगभग हुआ है और उसकी भी गुणवत्ता इतनी अच्छी नहीं है तो गांठ का प्रोडक्शन भी महज ***15*** हजार पर ही सिमट जाएगा। यदि सरकार द्वारा कपास का नया बीज जल्दी नहीं लाया गया तो हमारे क्षेत्र से तो कपास कारोबार ही बंद हो जाएगा।



**अरविंदर कुमार (जिनर)**
**भटिंडा, पंजाब |**

### 20 प्रतिशत नरमा पहले ही खत्म

यह कहना है भटिंडा के रालामंडी गांव के कॉटन व्यापारी अरविंदर कुमार का। रालामंडी में मौजूद 3 जिनिंग फैक्ट्री में से एक फैक्ट्री इन्हीं के द्वारा संचालित की जा रही है। इन्होंने बताया कि इस बार गुलाबी सुंडी रोग के चलते किसानों ने अपनी फसल पर ट्रक चला कर उसे नष्ट कर दिया। इससे 20 प्रतिशत फसल कम हो गई है।

### कैपेसिटी और मेन पावर दोनों में कटौती

वर्तमान में जिनिंग फैक्ट्री चलाना बहुत मुश्किल हो रहा है। हमारी फैक्ट्री में 36 मशीन है उनमें से केवल 12 मशीन ही चल रही है। बाकि को बंद रखना पड़ रहा है। इतना ही नहीं जब फैक्ट्री अपनी पूरी क्षमता पर काम करती है तो हमें 150 आदमी का स्टाफ लगता है, लेकिन काम कम होने से अभी केवल 40 से 50 आदमी ही फैक्ट्री में काम कर रहे है।

### जल्द उठाना होगा कोई ठोस कदम

उन्होंने कहा कि सिर्फ पंजाब से ही नहीं बल्कि देश के लगभग सभी कपास प्रमुख राज्यों से लगातार कपास का नया बीज लाने की मांग की जा रही है। लेकिन, सरकार ने अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। कपास हमारे देश की प्रमुख फसलों में से एक है और आर्थिक दृष्टि से भी बहुत अहम फसल है। इसकी पैदावार को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। सरकार को किसानों को अच्छे बीज, अच्छे पेस्टिसाइड और बेहतर गाइडेंस देना चाहिए जिससे वे उपज को बढ़ा सकें।

## *CCI और TEXPROCIL ने साइन किया MOU*

भारतीय कपास निगम, कपड़ा उद्योग और निर्यातकों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि भारत के किसानों को वैश्विक बाजार में उनका हक मिले। यह बात कही केंद्रीय कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने। गुरुवार को वे वाराणसी में कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (CCI) लिमिटेड और TEXPROCIL के बीच "कस्तूरी कॉटन इंडिया" की ब्रांडिंग, ट्रेसबिलिटी और प्रमाणन पर समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने के दौरान संबोधित कर रहे थे।

हस्ताक्षरित एमओयू की शर्तों के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री गोयल ने कहा कि यह उद्योग को कपड़ा मंत्रालय के भारतीय कपास की ट्रेसबिलिटी, प्रमाणन और ब्रांडिंग की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए स्व-नियमन के सिद्धांत पर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 2022-23 से 2024-25 तक तीन कपास सीजन की अवधि में 15 करोड़ रुपये के बराबर हिस्से का योगदान देगी।

### *यह होगा लाभ*

- *भारतीय कपास की अंतरराष्ट्रीय धारणा और मूल्यांकन को बढ़ाकर "कस्तूरी कॉटन इंडिया" को एक प्रीमियम ब्रांड के रूप में बढ़ावा देगा।*
- *यह कपास को घरेलू और वैश्विक बाजारों में विश्वसनीय गुणवत्ता उत्पाद बना देगा, जिससे प्रीमियम मूल्य निर्धारण की सुविधा होगी।*
- *कई देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते से इस क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।*
- *देश को 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।*
- *वैश्विक स्तर पर भारतीय कपास की छवि बनाने, भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार।*

*MR.PIYUSH GOYAL*
*UNION MINISTER OF TEXTILE, COMMERCE & INDUSTRY, CONSUMER AFFAIRS AND FOOD & PUBLIC DITRIBUTION*



**SMART INFO SERVICES**
india.smartinfo@gmail.com
Call : 91119 77771 - 5

DATE: 17.12.2022

**WEEKLY COTTON BALES MARKET**

| STATE | STAPLE LENGTH | 12.12.22 | | 17.12.22 | | AVERAGE PRICE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LOW | HIGH | LOW | HIGH | |
| **NORTH ZONE** | | | | | | |
| PUNJAB | 28.5 | 6,675 | 6,725 | 6,450 | 6,550 | -175 |
| HARYANA | 27.5/28 | 6,550 | 6,650 | 6,400 | 6,500 | -150 |
| UPER RAJASTHAN | 28 | 6,775 | 6,825 | 6,600 | 6,650 | -175 |
| **CENTRAL ZONE** | | | | | | |
| GUJARAT | 29 | 66,600 | 66,900 | 64,500 | 65,000 | -1,900 |
| MADHYA PRADESH | 29 | 65,500 | 66,000 | 64,500 | 64,800 | -1,200 |
| MAHARASHTRA | 29-30 vid. | 66,000 | 66,500 | 64,000 | 64,500 | -2,000 |
| **SOUTH ZONE** | | | | | | |
| ODISHA | 29.5+ | 66,800 | 67,000 | 65,500 | 65,800 | -1,200 |
| KARNATAKA | 29+ | 66,000 | 66,200 | 64,500 | 65,000 | -1,200 |
| ANDHRA PRADESH | 29/29.5 mm | 65,500 | 66,000 | 64,000 | 64,500 | -1,500 |
| TELANGANA | 30 mm | 66,500 | 67,000 | 65,200 | 65,700 | -1,300 |

NOTE : There may be some changes in the rate depending on the quality.
Punjab, Haryana and Rajasthan rates in maund the rest in Candy

## एक नजर इस सप्ताह के कॉटन फिजिकल मार्केट पर

यह सप्ताह कॉटन के भाव के लिए गिरावट वाला रहा। नार्थ, साउथ और सेंटल तीनों ही झोन में कॉटन के दाम तेजी से कम हुए है। नार्थ झोन में 150 से 175 रूपए प्रति मंड, सेंटल झोन में 2000 और साउथ झोन में 1500 रूपए प्रति कैंडी तक घटे दाम।




## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### 12 से 17 दिसंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर्स रिपोर्ट पर एक नजर

शेयर मार्केट में टेक्सटाइल सेग्मेंट के शेयर्स ने पिछले सप्ताह के मुकाबले थोड़ी पकड़ बनाने में सफलता पाई है। पिछले सप्ताह जहां प्रमुख कंपनी के शेयर्स का मार्केट केप खासा गिर गया था वहीं इस बार लगभग आधी कंपनी पॉजीटिव बढ़त हासिल करने में कामयाब रही। आइए जानते है बीएससी के मंच पर इन कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 334.7 | 341.35 | 331.3 | 0.10% |
| अरविंद लिमिटेड | 95.65 | 98.8 | 94.35 | 0.00% |
| वेलसपन इंडिया | 79.1 | 77.85 | 83.45 | 1.35% |
| नितिन स्पिनर्स | 200.25 | 207.65 | 196.15 | 1.43% |
| रेमण्ड | 1582.65 | 1644 | 1398.75 | 7.97% |
| अक्षिता कॉटन | 47.5 | 51.95 | 47.5 | 8.57% |

## जानिए इस सप्ताह की कॉटन मार्केट की हलचल

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 17.12.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 09.12.22 | 16.12.22 | WEEKLY CHANGE |
| MARCH | 80.95 | 81.92 | 0.97 |
| MAY | 80.9 | 82.08 | 1.18 |
| JULY | 80.66 | 82.03 | 1.37 |
| MCX (BALES) | | | |
| DEC | 31460 | 30590 | -870 |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1628 | 1600 | -28 |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| DEC | 2736 | 2839 | 103 |
| JAN | 2658 | 2705 | 47 |
| FEB | 2636 | 2663 | 27 |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.28 | 82.87 | 0.59 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 224.75 | 225.024 | 0.274 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.95769 | 6.97311 | 0.01542 |
| BRAZIL (Real) | 5.23999 | 5.31438 | 0.07439 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.47103 | 1.48921 | 0.01818 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.40299 | 4.42399 | 0.021 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 98.99 | 98.5 | -0.49 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 101.49 | 100 | -1.49 |
| USDA SPOT RATE | 79.95 | 81.13 | 1.18 |
| MCX SPOT RATE | 31940 | 31350 | -590 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 16500 | 16500 | 0 |

इस सप्ताहअंत इंटरनेशनल एक्सचेंज मार्केट में कॉटन के दामों में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जबकि नेशनल एक्सचेंज मार्केट यानी एमसीएक्स पर कीमतों का ग्राफ नीचे की ओर लुढ़का है। आईस कॉटन पर मार्च, मई और जुलाई माह के सौदा भाव क्रमशः 0.97 ,1.18, और 1.37 तक बढ़े है। वहीं एमसीएक्स पर दिसंबर माह के सौदे के लिए कॉटन के भाव 870 रूपए घटकर 30590 रूपए हो गए है।

एनसीडीएक्स पर भी कपास के दाम इस सप्ताह कम हुए है। सप्ताह की शुरूआत में यहां कपास के भाव 1628 रूपए थे जो सप्ताहअंत में 28 रूपए घटकर 1600 रूपए रह गए। जबकि एनसीडीएक्स पर खल के भाव में इस बार बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह के सौदा भाव क्रमशः 103, 47 और 27 रूपए तक बढ़े है।

करंसी मार्केट में भी इस बार डॉलर ने हर देश की करंसी को मात दी है और एकतरफा बढ़त हासिल करने में कामयाब रहा हैं। वहीं अन्य देशों के एक्सचेंज मार्केट पर कॉटन की स्थिति पर नजर करें तो यूएसडीए स्पॉट रेट को छोड़ बाकी जगह कीमतें घटी है। केवल पाकिस्तान के केसीए स्पॉट रेट पर दाम स्थायी रहे है।